Roll No. (अनुक्रमांक) .... **Code: 822-23 NS - M**

कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न–पत्र में कुल 35 प्रश्न हैं तथा 03 पृष्ठ हैं।

वार्षिक परीक्षा फरवरी–मार्च: 2023

कक्षा - VIII (आठवीं)

नैतिक शिक्षा

समय : 3 घंटे **अधिकतम अंक : 80**

सामान्य निर्देश

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. इस प्रश्न पत्र में चार खण्ड (क, ख, ग, और घ) हैं।
3. इस प्रश्न पत्र में कुल 35 प्रश्न हैं।
4. उत्तर पत्रक पर उत्तर संख्या वही लिखें जो प्रश्न पत्र में अंकित है।

भाग–क

प्रश्न 1. 'जग' शब्द का अर्थ लिखिए। (1)

प्रश्न 2. ईश्वर का निज व सर्वश्रेष्ठ नाम क्या है? (1)

प्रश्न 3. 'आत्म बोध' में कवि किस नाम को बार–बार बोलने के लिए कह रहे हैं? (1)

प्रश्न 4. 'नाद' शब्द का अर्थ लिखिए। (1)

प्रश्न 5. श्रीकृष्ण जी ने गीता का उपदेश किसे दिया? (1)

प्रश्न 6. 'वासांसि' का क्या अर्थ है? (1)

प्रश्न 7. डी.ए.वी. का महर्षि दयानंद जी से क्या सम्बन्ध है? (1)

प्रश्न 8. उचित शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए– (1)
सुख समृद्धि इसकी .... ।

प्रश्न 9. वर्ण कितने हैं? (1)

प्रश्न 10. सबसे तपस्वी और साधक कौन–सा वर्ण है? (1)

प्रश्न 11. जीवन रूपी भवन की नींव कौन–सा आश्रम है? (1)

प्रश्न 12. हमारा समाज किनसे मिलकर बना है? (1)

प्रश्न 13. सबसे पहला डी.ए.वी. कॉलेज कब खोला गया? (1)

प्रश्न 14. 'सुखदां' शब्द का अर्थ लिखिए। (1)

प्रश्न 15. उचित शब्द द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए– (1)
सुजलां .... मलयज शीतलां।

भाग–ख

प्रश्न 16. 'साम्य सुमन विकसाने वाला' का क्या अभिप्राय है? (2)

प्रश्न 17. गीता के अनुसार मनुष्य का अधिकार किसमें है और किसमें नहीं? (2)

प्रश्न 18. गायत्री मन्त्र का जप किस समय करना अधिक उपयोगी है? (2)

प्रश्न 19. संसार के विद्वानों ने ऐसा क्यों माना कि संस्कृत विश्व भाषा बन सकती है? (2)

प्रश्न 20. मनुष्य द्विज कैसे बन सकते हैं? (2)

प्रश्न 21. वानप्रस्थी के दो कर्त्तव्य लिखिए। (2)

प्रश्न 22. 'किस दर जाऊँ' कविता के अनुसार भक्त के होश में आने का क्या उपाय है? (2)

प्रश्न 23. आर्य समाज के दस नियमों से क्या जानकारी मिलती है? (2)

प्रश्न 24. डॉ0. मेहरचन्द महाजन की मृत्यु कब व कहाँ हुई? (2)

प्रश्न 25. बालक मेहरचन्द महाजन को घर से दूर क्यों रहना पड़ा? उनकी धाय माँ कौन थी? (2)

भाग–ग

प्रश्न 26. ओ३म् के तीन अक्षर सृष्टि के किन गुणों के द्योतक हैं? (3)

प्रश्न 27. गायत्री की महिमा का वर्णन कीजिए। (3)

प्रश्न 28. गुरु गोविन्द सिंह जी ने संस्कृत के लिए क्या किया? (3)

प्रश्न 29. आर्य समाज का दसवाँ नियम लिखिए। (3)

प्रश्न 30. "मनुष्य के सर्वांगीण विकास में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है" स्पष्ट कीजिए। (3)

भाग–घ

प्रश्न 31. भारत के आजाद होने पर गांधी जी ने बी.बी.सी. को अपना संदेश प्रसारित करने के लिए क्यों नहीं दिया? (6)

अथवा

गुरु गोविन्द सिंह जी का हिंदी प्रेम स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 32. बलिवैश्वदेव यज्ञ की विधि लिखिए। (6)

अथवा

हमारे साहित्य में माता को महान बताकर उन्हें तीर्थ का स्थान क्यों दिया गया है?

प्रश्न 33. "हिंसा या अहिंसा का सम्बन्ध मनोवृत्ति से है क्रिया से नहीं" इस कथन को उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए। (6)

अथवा

स्तेय और अस्तेय किसे कहते हैं? चोरी के अन्य रूप लिखिए।

प्रश्न 34. स्वाध्याय के दो अर्थ स्पष्ट कीजिए। गृहस्थी का तप लिखिए। (6)

अथवा

गीता में कितने प्रकार के तप बताए गए हैं? उनकी व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 35. सत्यार्थ प्रकाश के तृतीय समुल्लास की विषय वस्तु लिखिए। (6)

अथवा

सत्यार्थ प्रकाश के अनुसार एक अच्छे राजा में क्या–क्या गुण आवश्यक हैं?